# संज्ञा
## (Noun)

निम्न चित्रों को देखकर इनके नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ें एवं समझें–



कोलकाता में ईडन गार्डन है।



ज्ञानोदय हिंदी की पुस्तक है।



बुढ़ापे में व्यक्ति बच्चा बन जाता है।



घोड़ा तेज़ दौड़ रहा है।

उपर्युक्त वाक्यों में कोलकाता, ईडन गार्डन और ज्ञानोदय किसी वस्तु, स्थान अथवा व्यक्ति के नाम हैं। इसी प्रकार घोड़ा जाति का बोध करा रहा है और बुढ़ापे में भाव है। इस आधार पर हम लिख सकते हैं कि–

**किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी, भाव या गुण के नाम का बोध कराने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।**

## संज्ञा के भेद (Kinds of Noun)

संज्ञा शब्दों से प्रायः किसी व्यक्ति, जाति अथवा भाव के नाम का बोध होता है। इस आधार पर संज्ञा के तीन प्रमुख भेद बताए गए हैं–

**संज्ञा के भेद**

- व्यक्तिवाचक संज्ञा
- जातिवाचक संज्ञा
- भाववाचक संज्ञा

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा (Proper Noun):** जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान अथवा प्राणी के नाम का बोध कराते हैं उन्हें **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे-



**पंडित जवाहरलाल नेहरू** को बच्चों से लगाव था।



**महात्मा गांधी** अहिंसा के पुजारी थे।



**सुभाषचंद्र बोस** ने आज़ादी का बिगुल बजा दिया।

2. **जातिवाचक संज्ञा (Common Noun):** जो शब्द किसी प्राणी, पदार्थ या समुदाय की पूरी जाति का बोध कराते हैं, उन्हें **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे-



यह **कंप्यूटर** रमेश का है।



**कबूतर** दाना चुग रहे हैं।



**दुकानदार युवक** को सामान दे रहा है।

3. भाववाचक संज्ञा (Abstract Noun): जिन संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति, वस्तु के गुण, दोष, शील, स्वभाव, अवस्था, भाव आदि का बोध होता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं, जैसे:



स्वतंत्रता सभी को प्रिय है।



ताजमहल की सुंदरता को देखकर विद्यार्थियों का मन प्रसन्न हो गया।



बुढ़ापे में नाना जी का शरीर शिथिल हो गया।

कई आधुनिक व्याकरणाचार्यों ने अंग्रेज़ी व्याकरण के प्रभाव में आकर संज्ञा के दो और भेद बताए हैं, वे हैं:



(क) समुदायवाचक संज्ञा (Collective Noun)

वह संज्ञा शब्द जिससे किसी व्यक्ति, वस्तु के समूह अथवा झुंड का बोध हो, उसे समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण: कक्षा, सेना, भीड़ इत्यादि।

(ख) द्रव्यवाचक संज्ञा (Material Noun)

वह संज्ञा शब्द जिससे किसी द्रव्य, धातु या पदार्थ का बोध हो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण: सोना, चाँदी, तेल इत्यादि।



विशेष: उपर्युक्त दोनों संज्ञाएँ (समुदाय एवं द्रव्यवाचक) व्याकरण में जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत आ जाते हैं। अत: हिंदी व्याकरण में इसे अलग भेद नहीं माना गया है।

## भाववाचक संज्ञाओं की रचना (Formation of Abstract Noun)

भाववाचक संज्ञाएँ, जातिवाचक संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम और क्रिया से बनती हैं। भाववाचक संज्ञा बनाना अत्यंत सरल है। इसे आसानी से सीखा जा सकता है। निम्नलिखित तालिकाओं को ध्यान से पढ़ें, समझें और भाववाचक संज्ञा का निर्माण करें।

## जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा (Common Noun to Abstract Noun)

| जातिवाचक | भाववाचक | जातिवाचक | भाववाचक | जातिवाचक | भाववाचक |
|---|---|---|---|---|---|
| गुरु | गुरुत्व, गुरुता | देव | देवत्व | कवि | कवित्व |
| लड़का | लड़कपन | चोर | चोरी | बच्चा | बचपन |
| डकैत | डकैती | बंधु | बंधुत्व | शत्रु | शत्रुता |
| व्यक्ति | व्यक्तित्व | मित्र | मित्रता | मानव | मानवता |
| दास | दासता | स्त्री | स्त्रीत्व | सदस्य | सदस्यता |

## विशेषण से भाववाचक संज्ञा (Adjective to Abstract Noun)

| विशेषण | भाववाचक | विशेषण | भाववाचक | विशेषण | भाववाचक |
|---|---|---|---|---|---|
| उज्ज्वल | उज्ज्वलता | अच्छा | अच्छाई | सफल | सफलता |
| सरल | सरलता | सभ्य | सभ्यता | वाचाल | वाचालता |
| गंभीर | गंभीरता | कठिन | कठिनाई | भयावह | भयावहता |
| क्रोध | क्रोधित | मीठा | मिठास | काला | कालापन |
| लघु | लघुता | गर्म | गर्मी | स्वस्थ | स्वस्थता |

## सर्वनाम से भाववाचक संज्ञा (Pronoun to Abstract Noun)

| सर्वनाम | भाववाचक | सर्वनाम | भाववाचक | सर्वनाम | भाववाचक |
|---|---|---|---|---|---|
| अहं | अहंकार | पराया | परायापन | अपना | अपनापन |
| मम | ममत्व | आप | आपा | स्व | स्वत्व |
| निज | निजता | सर्व | सर्वस्व | मम | ममता |

## क्रिया से भाववाचक संज्ञा (Verb to Abstract Noun)

| क्रिया | भाववाचक | क्रिया | भाववाचक | क्रिया | भाववाचक |
|---|---|---|---|---|---|
| खेलना | खेल | सोचना | सोच | चलना | चाल |
| लिखना | लिखाई | चढ़ना | चढ़ाई | रोना | रुलाई |
| जीतना | जीत | दौड़ना | दौड़ | पढ़ना | पढ़ाई |
| हँसना | हँसी | मुस्कुराना | मुस्कुराहट | हारना | हार |

2. भाववाचक संज्ञा बनाएँ–

(क) बच्चा ........ बचपन ........ (ख) उचित ........ उच्चता ........

(ग) चोर ........ चोरी ........ (घ) मनुष्य ........ मनुष्यता ........

(ङ) सफल ........ सफलता ........ (च) अहं ........ अहंकार ........

(छ) मीठा ........ मिठास ........ (ज) अच्छा ........ अच्छाई ........

(झ) चतुर ........ चतुराई ........ (ञ) थकना ........ थकान ........

3. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों को उनके भेदों के अनुसार निर्दिष्ट स्थान पर लिखें–

H.W.

रवींद्र, बंदर, मधुरता, हिमालय, नगर, नम्रता, रामायण, युवती, दिल्ली, स्कूटर, पढ़ाई, शैशव

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
| --- | --- | --- |
| ........ | ........ | ........ |
| ........ | ........ | ........ |
| ........ | ........ | ........ |
| ........ | ........ | ........ |

4. रंगीन पदों के संज्ञा भेद का नाम लिखें–

(क) संजना विद्यालय जा रही है। ....व्यक्तिवाचक....

(ख) मैं कल न्यूयॉर्क जाऊँगा। ....व्यक्तिवाचक....

(ग) बस-अड्डा बहुत बड़ा है। ....जातिवाचक....

(घ) यह युवक बहुत ईमानदार है। ....जातिवाचक....

(ङ) आज तुम्हें हँसी आ रही है। ....भाववाचक....

(च) तुम पढ़ाई कब करोगे। ....भाववाचक....

(छ) मित्रता अनमोल धन है। ....भाववाचक....

(ज) यह घड़ी रमेश की है। ....जातिवाचक....

(झ) गंगा और यमुना नदियों के नाम है। ....व्यक्तिवाचक....

(ञ) हम महावीर के नेतृत्व में कार्य करेंगे। ....भाववाचक....

5. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाएँ–

(क) जिस शब्द विशेष से व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध हो, उसे क्या कहते हैं?

✓ (अ) व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ (ब) भाववाचक संज्ञा ☐

(स) जातिवाचक संज्ञा ☐ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) जो शब्द संपूर्ण जाति का बोध कराए, वे क्या कहलाते हैं?

(अ) प्राणिवाचक संज्ञा ☐ (ब) स्थानवाचक संज्ञा ☐

✓ (स) जातिवाचक संज्ञा ☐ (द) कालवाचक संज्ञा ☐

(ग) जिस शब्द से व्यक्ति, स्थान अथवा वस्तु के गुण, दोष तथा अवस्था का बोध हो, उसे क्या कहते हैं?

(अ) गुणवाचक संज्ञा ☐ ✓ (ब) भाववाचक संज्ञा ☐

(स) कालवाचक संज्ञा ☐ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) 'उज्ज्वल' का भाववाचक रूप क्या होगा?

(अ) सफ़ेद ☐ (ब) साफ़ ☐

(स) उज्ज्वलता ✓ ☐ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(ङ) 'चढ़ना' का भाववाचक रूपांतरण होगा–

(अ) चढ़ाई ✓ ☐ (ब) चढ़ाईपूर्ण ☐

(स) चढ़ाईयुक्त ☐ (द) चढ़ावाई ☐